Australian Government
Department of Industry, Science and Resources
Attorney-General's Department

आस्था-आधारित स्थानों को सुरक्षित करने का अनुदान कार्यक्रम (Securing Faith-Based Places Grant Program)

तथ्य-पत्रक

24 जुलाई 2023

आस्था-आधारित स्थानों को सुरक्षित करने का अनुदान कार्यक्रम (Securing Faith-Based Places Grant Program) के बारे में

आस्था-आधारित स्थानों को सुरक्षित करने का अनुदान कार्यक्रम (Securing Faith-Based Places Grant Program) के तहत धार्मिक विद्यालयों, प्री-स्कूलों, प्रार्थना स्थलों और आस्था आधारित सामुदायिक केंद्रों में सुरक्षा में सुधार करने के लिए चार सालों में 40 मिलियन डॉलर्स की राशि प्रदान की जाती है।

इस कार्यक्रम से पात्र संगठनों को धार्मिक और जातीय असहिष्णुता से प्रेरित अपराध या हिंसा पर ध्यान देने के लिए अपने सुरक्षा ढाँचों को मजबूत बनाने और/या सुरक्षा गार्डों को काम पर रखने में सहारा मिलेगा।

इस कार्यक्रम के लिए *अपराध की आय अधिनियम 2002* (*Proceeds of Crime Act 2002*) *के खण्ड 298 के अंतर्गत धनराशि उपलब्ध करवाई गई है।* इससे अपराध की आय का उन गतिविधियों में पुनर्निवेश किया जा सकेगा जो ऑस्ट्रेलियन समुदाय की सुरक्षा को बढ़ाती हैं।

आवेदन करने के लिए कौन-कौन पात्र है?

आवेदन करने के लिए, यह अनिवार्य है कि:

- आप किसी **पात्र धर्म** से जुड़े हुए हैं
- आपके पास एक ऑस्ट्रेलियन बिज़नस नंबर (ABN) है
- आप एक पात्र **वैध संस्था** हैं, अर्थात:
    - ऑस्ट्रेलिया में निगमित (इन्कार्पोरेटेड) एक संस्था
    - एक निगमित (इन्कार्पोरेटेड) एसोसिएशन, या
    - एक निगमित (इन्कार्पोरेटेड) नॉट फोर प्रोफिट संगठन, तथा
- आप अनुदान समझौते में प्रवेश की सभी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

अनुदान के इस अवसर के उद्देश्य के लिए, ऑस्ट्रेलियन सांख्यिकी ब्यूरो (Australian Bureau of Statistics') के, *धार्मिक समूहों के सामान्य ऑस्ट्रेलियन वर्गीकरण (Australian Standard Classification of Religious Groups)* में सूची-बद्ध कोई भी धार्मिक समूह एक **पात्र धर्म** है, टेबल 1.3 में एक से लेकर छः तक के समूह।

आवेदन कब करें

इस फंडिंग के लिए आवेदन-पत्र **31 जुलाई 2023** से जमा करवाए जा सकेंगे और **11 सितंबर 2023 को शाम 5 बजे AEST तक जमा करवाए जा सकते हैं।** यह आवेदन पोर्टल 6 सप्ताह तक खुला रहेगा ताकि संगठनों द्वारा दिशा-निर्देश माँगा जा सके और उत्कृष्ट आवेदन-पत्र जमा करवाए जा सकें।

आप इस अनुदान का उपयोग किस काम के लिए कर सकते हैं?

आप इस अनुदान का उपयोग, अपने परिसर में सुरक्षा ढाँचों को स्थापित करने या बेहतर बनाने या सुरक्षा गार्डों को काम पर रखने के लिए कर सकते हैं। इसमें निम्नांकित शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है:

- सिक्योरिटी कैमरा सिस्टम्स
- ऐक्सस कंट्रोल्स
- फेंस और गेट्स
- सिक्योरिटी लाइटें
- सिक्योरिटी खिड़कियाँ
- अलार्म सिस्टम्स, तथा
- लाइसेंस-प्राप्त सुरक्षा गार्डों को काम पर रखना।

पात्र गतिविधियों के बारे में और अधिक विवरण के लिए, कृपया अनुदान अवसर दिशा-निर्देश (Grant Opportunity Guidlines) देखें।

आवेदन कैसे करें

हम सिफारिश करते हैं कि, आवेदन करने से पहले, आप आस्था-आधारित स्थानों को सुरक्षित करने का अनुदान अवसर के दिशा-निर्देशों को तथा business.gov.au पर प्रकाशित अनुदान एग्रीमेंट के नमूने को और help.grants.gov.au पर GrantConnect को पढ़ लें और समझ लें। आपको ऑनलाइन पोर्टल पर पहुँचने के लिए एक खाता बनाना होगा जिसके माध्यम से आप एक सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण में अनुदान या सेवा के लिए आवेदन कर सकते हैं और आवेदन को मैनेज का प्रबंध कर सकते हैं।

आवेदन करने के लिए, यह अनिवार्य है कि आप:

- पोर्टल (portal.business.gov.au पर उपलब्ध) के माध्यम से एक ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरें और **11 सितंबर 2023** को **शाम 5 बजे AEST तक** और जमा करवाएँ।
- पात्रता और योग्यता आकलन के सभी मानदंडों पर ध्यान दें।

कृपया ध्यान दें, देरी से जमा करवाये गये आवेदन-पत्रों और एक्सटैंशन के अनुरोधों पर विचार नहीं किया जाएगा।

और अधिक जानकारी की आवश्यकता है?

और अधिक जानकारी के लिए कृपया business.gov.au पर जाएँ या 13 28 46 पर फोन करें।